प्रेस विज्ञप्ति

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर गुरु नानक कॉलेज, धनबाद मेंभाषा उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

आजदिनांक 21 फरवरी 2026 को गुरुनानककॉलेज, धनबादके हिंदी विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर एक भव्यभाषा उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न मातृभाषाओं के संरक्षण, संवर्धन एवं उनके महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि से किया गया, जिसके उपरांतहिंदीएवंअंग्रेज़ीविभागके छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी मातृभाषाओं में उत्कृष्ट प्रस्तुतियाँ देकर सभागार को भावविभोर कर दिया।

इस अवसर पर मुस्कान कुमारी ने संथाली कविता, शुभीबावेजा एवं सिमरन छाबरा ने पंजाबी गीत, स्वीटी कुमारी ने बांग्ला गीत, मुस्कान कुमारी ने खोरठा गीत, एम.डी. सैफ ने उर्दू कविता, श्रुति ने नागपुरी गीत तथा दिव्या श्रीवास्तव ने ब्रज भाषा में कविता प्रस्तुत की। वहीं डॉ. सोनूप्रसाद ने भोजपुरी कविता एवंप्रो.नीताओझा ने गुजराती कविता का सस्वर पाठ कर कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।

हिंदी विभाग की छात्राओं द्वारा सामूहिक आदिवासी लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसने दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। इसके अतिरिक्त नागपुरी भाषा पर आधारित एक डॉक्युमेंट्री भी प्रदर्शित की गई, जिसने स्थानीय भाषा और संस्कृति के महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम के अंत में हिंदी विभागाध्यक्षप्रो. सोनूप्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ गरिमापूर्ण वातावरण में हुआ।

यह आयोजन मातृभाषाओं के संरक्षण एवं सांस्कृतिक विविधता के सम्मान का सशक्त संदेश देने में सफल रहा।कार्यक्रम का सफल समापन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.रंजना दास केकुशल मार्गदर्शन में हुआ।

मंच संचालन प्रो.सिमरन श्रीवास्तव के द्वारा किया गया

कार्यक्रम मेंभूदाकैंपस केप्रोफेसरइंचार्ज प्रो.दीपक कुमार,प्रो. अमरजीतसिंह, प्रो. डॉ. वर्षासिंह,प्रो.संजय कुमार सिन्हा, प्रो. संतोष कुमार,प्रो.डॉ मीना मालखंडी, प्रो.साधना कुमारी सिंह,प्रो.दलजीत सिंह, प्रो.अभिषेक कुमार सिंह,प्रो. पीयूष अग्रवाल,डॉ. अर्णबसरखेल,प्रो. एकताश्रीवास्तव,प्रो. मुकेशकुमार, प्रो. मनीषाकुमारी, प्रो. विश्वनाथ किस्कु, कैप्टनसंजयकुमारसिंह, सुश्रीनुश्रत्परवीनसौसेअधिकछात्र-छात्राओं की और शिक्षकेत्तर कर्मियों की महती उपस्थिति रही।

Picture Gallery

गुरु नानक कॉलेज, धनबाद
अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2026
दिनांक- 21.02.2026, समय- दोपहर- 01:00 बजे।
आयोजक- हिंदी-विभाग
स्थल- एस.जे.एस. ग्रेवाल सभागार भूदा परिसर

गुरु नानक कॉलेज, धनबाद
अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2026